# करता तेरी सेवा बाबा सेवादार कहलाता हूँ लिरिक्स

करता तेरी सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ,
तूने दिया है साथ यूँ मुझको,
सबको यही बतलाता हूँ,
करता तेरीं सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ।bd।

तर्ज – मैं हूँ तेरा नौकर बाबा।

---

श्याम प्रेमी का दर्ज़ा जग में,
सबसे उपर होता है,
तुझको श्यामा याद करके,
तेरा प्रेमी रोता है,
कर दिया तूने जो मेरे बाबा,
वो सबको बतलाता हूँ,
करता तेरीं सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ।bd।

---

तू है दाता सबका ये तो,
जानती सारी दुनिया है,
कलयुग में हर घर घर में तो,
होती तेरी पूजा है,
तूने किए उपकर जो मुझ पर,
सबको मैं बतलता हूँ,
करता तेरीं सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ।bd।

---

तू ही मेरी पूंजी और,
तू ही तो मेरी दौलत है,
ये रुतबा और ये शोहरत भी,
तो बस तेरी बदौलत है,
‘दीपू’ दोनो हाथ जोड़कर,
तुझको ही मनाता हूँ,
करता तेरीं सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

करता तेरी सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ,
तूने दिया है साथ यूँ मुझको,
सबको यही बतलाता हूँ,
करता तेरीं सेवा बाबा,
सेवादार कहलाता हूँ।bd।

**Singer – Divyansh Bhardwaj**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com